संक्षिप्त

एड. सूबेसिंह प्रदेश मंत्री बने

एड. सूबेसिंह

कोटपूतली, (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी के निर्देशानुसार भाजपा एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने ग्राम मोरदा निवासी एड. सूबेसिंह मोरोडिया को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान में पुन: प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा है। उक्त नियुक्ति पर मोरोडिय़ा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, रवि शेखर मेघवाल, मुकेश गर्ग, रामकिशन वर्मा आदि का आभार व्यक्त किया है। वहीं एड. सूबेसिंह मोरोडिय़ा के प्रदेश मंत्री बनने पर भाजपा नेता यादराम जांगल, उदयसिंह तंवर, बालकृष्ण सैनी, मनोज भूषण, बजरंग लाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष रमेश रावत, राजेंद्र सरपंच, दिनेश रावत, सुवालाल रावत, अनिल मोरोडिय़ा, बद्रीप्रसाद चौहान व सतीश मांडैया आदि ने बधाई प्रेषित की।

बेटियों की निकाली बिंदोरी

पावटा, (निसं)। ग्राम पंचायत टसकोला के चौथमल यादव व कैलाश यादव की सुपुत्री अंजू, सीमा व ममता तीनों बेटियों को घोडी पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ बिंदोरी निकाली। पिता चौथमल यादव व कैलाश यादव ने बताया कि बेटियों की बिंदोरी निकालने का एक मात्र उद्देश्य समाज में बेटा-बेटी के भेद को मिटाकर समानता का सन्देश देना हैं। बिंदोरी में अंजू, सीमा व ममता की सहेलियों, भाई-बहनों, परिवारजनों सहित रिश्तेदारों ने नाचकर खुशियां मनाई।

अवैध बजरी से भरे दो डंपर जप्त

टोंक, (निसं)। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये गये 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध खनन के विरुध्द चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी देवली व थानाधिकारी सरवर खान के द्वारा गठित टीमों द्वारा दो डम्पर बजरी से भरे हुये को जप्त किया गया। जिसमें से एक डम्पर का ड्राईवर पुलिस जाप्ता देखकर भाग गया तथा दूसरा डम्पर चालक गणेश पुत्र श्योजी नाथ 32 साल निवासी कंवरावास थाना टोडारायसिंह जिला केकडी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज करअनुसंधान जारी है।

छात्राओं ने कबड्डी खिताब जीता

सांभरझील, (निसं)। आर.एल. सहरिया राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा में आयोजित जिला स्तरीय अर्न्तमहाविद्यालयी कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता में स्थानीय महाविद्यालय की छात्राओं ने उपविजेता का खिताब जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र सिंह राठौड ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा अंजू चौधरी (कप्तान), निलाक्षी, मनीषा कुमावत, मनीषा गुर्जर, मंषा, पायल चौधरी गायत्री, मनीषा मीणा तथा सपना ने भाग लिया। कुश्ती तथा वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा सीमा चौधरी ने 72 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह महाविद्यालय एवं सांभर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

युवाओं का सामर्थ्य ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगा : संजय शर्मा

- युवाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया तथा जागरूकता की शपथ दिलाई

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने युवा संसद कार्यक्रम को संबोधित किया।

अलवर, (निसं)। जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम में नेहरू युवा केंद्र अलवर,कला कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत विभाग के वालेंटियर्स के सहयोग से संपन्न हुआ। पडोस युवा संसद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञ द्वारा समकालिक मुद्दों पर युवाओं को जानकारी दी गई। इसकी थीम 'युवा के लिए, युवा के द्वारा' रखी गई जिसमें स्वस्थ्य एवं गुणात्मक जीवन शैली, मतदाता जागरूकता, माय भारत पोर्टल, मोक पार्लियामेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि शामिल किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने विकसित भारत बनाने में युवाओं को तकनीकी एवं कौशल में पारंगत होने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार युवाओं के विकास हेतु कृत संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा अपने व्यक्तित्व में समाजसेवा, अनुभव आधारित शिक्षा तथा कौशल को समाहित कर अपने समाज व देश में नया आयाम स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार युवाओं के लिए डबल स्पीड से काम कर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में पेपर लीक की घटनाओं की रोकथाम हेतु केन्द्र सरकार ने कडा कानून बनाया है, वहीं राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत का संकल्प हम सब के योगदान से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जिस प्रकार भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर न केवल देशवासियों का जीवन बचाया बल्कि विश्व के बडे-बडे देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराकर विश्व गुरू बनने की दिशा में कदम बढाये है। उन्होंने युवाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया तथा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में युवाओं को संबोधित करते हुए ऐप गुरु इमरान खान ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने की राह में सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अनिवार्य कडी है। अत: युवा सकारात्मक रूप में सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर देश के विकास में अपना योगदान देवे। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत व परिचय के दौरान जिला युवा अधिकारी पंकज यादव ने स्थानीय मुद्दों पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा सडक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, नवभारत साक्षर अभियान, माय भारत पोर्टल पर युवा सहभागिता व प्रशिक्षण के आयोजन में युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग की भूमिका के बारे में बताया।

कार्यक्रम का मंच संचालक अभिषेक कौशिक और लोकेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पं. जले सिंह, गोरधन सिंह सिसोदिया, प्रो सरोज मीना, प्रदीप जैन, हरिओम कटारा, राजेन्द्र सैनी, तोताराम गुर्जर, तारेश जोरवाल, मूलचंद जांगिड सहित बडी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

जीवन में लक्ष्य अपनाकर आगे बढ़े छात्राएं : डॉ. आर.पी गुर्जर

- एनएसएस शिविर के छठवें दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के डाबला रोड स्थित श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

प्रथम सत्र में अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ.आर.पी.गुर्जर ने स्वयंसेविकाओं को अपने जीवन में लक्ष्य अपनाकर आगे बढऩे की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण एक समस्या बनकर उभरा है। वर्तमान में कृषिगत कार्यो में कीटनाशकों एवं रसायनों का अधिकाधिक प्रयोग हो रहा है जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है। अत: हमें जैविक कृषि की दिशा में बढऩा चाहिये। मुख्य वक्ता पूर्व उपप्राचार्य मूलचन्द वैश्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए नियमित दिनचर्या, योग व प्राणायाम आवश्यक है। योगाचार्य लक्ष्मीनारायण शर्मा ने योगाभ्यास द्वारा छात्राओं को स्वस्थ रहने के गुर बताये। स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें एकल व सामूहिक नृत्य तथा गायन प्रतियोगिताओं में उत्साह से भागीदारी की गई। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश यादव ने किया। प्रतिभा पोषवाल एवं प्रिया खंगरावत ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। इस दौरान स्टॉफ सदस्य एवं छात्रायें मौजूद रही।

प्री काउंसलिंग मीटिंग आयोजित

राजगढ, (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च के सफल आयोजन को लेकर प्री काउंसलिंग मीटिंग का आयोजन किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना प्रकरणों की प्रि काउंसलिंग कराई। तालुका विधिक सेवा समिति की सचिव भाग्यश्री मीणा ने बताया कि आठ प्रकरणों पर आम सहमति बनी। इस अवसर पर बीमा कंपनी के अधिकारी राजेंद्र कुमार व चरण सिंह यादव एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं अन्य विधिक जानकारी दी गई।

70 लाख रूपये की अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

- आरोपी चिप्स के कॉर्टनों के पीछे शराब छिपाकर परिवहन कर रहा था

मनोहरपुर, (निसं)। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम कैलाशचंद्र विश्नोई, अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के निर्देशन में व नीरज पाठक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के व सुरेन्द्र सिंह राणावत सहायक पुलिस आयुक्त चौमू के निकट सुपरविजन में दौलतपुरा थानाधिकारी मनीष कुमार शर्मा पु.नि. के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा एक मार्च को एनएच 48 एक्सप्रेस वे पर मुखबिर खास से प्राप्त सूचना मिलने पर दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक कन्टेनरको चैक किया गया तो ट्रक ड्राईवर व इसके पास बैठे खलासी ने चिप्स के कॉर्टन भरे होना बताया। मगर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो ट्रक ड्राईवर ने चिप्स के कॉर्टनों के साथ ट्रक कन्टेनर में अवैध अंग्रेजी शराब होना बताया। इस पर ट्रक को चैक कर ट्रक में से अवैध अंग्रेजी शराब के 580 कार्टन में करीब 70 लाख रूपए कीमत की अवैध शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त की।

पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ आयुक्तालय, जयपुर के द्वारा मुख्यमंत्री राजस्थान की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमे एक राज्य से दूसरे राज्य में अवैध रूप से शराब परिवहन व विक्रय को रोकने एवं धडपकड की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी के तहत कार्यवाही की गई।

सार-समाचार

आरोग्य मेले की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक

दूदू, (निसं)। आयुर्वेद विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर 9 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आरोग्य मेले की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ आनंद कुमार शर्मा एवं आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी रामावतार शर्मा ने राज्य स्तरीय आरोग्य मेले के आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद विभाग द्वारा दूदू जिला मुख्यालय पर 9 से 12 मार्च तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास स्थित दशहरा मैदान में राज्य स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमे स्वास्थ्य सबके लिए के लक्ष्य को प्राप्त करने और आमजन को सस्ती, सुलभ एवं प्रभावशील चिकित्सा पद्धित के बारे में जागरूक बनाया जायेगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ढाका ने राज्य स्तरीय आरोग्य मेले की आवश्यक तैयारियों की समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन लाल योगी, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ कैलाशचन्द शर्मा, सहायक निदेशक डॉ दिनेश कुमार शर्मा, डॉ प्रेम नारायण शर्मा, डॉ जावेद मोहम्मद उपस्थित रहे।

खैरथल में यातायात जाम की समस्या

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर कार्यालय से थोडी ही दूरी पर खैरथल शहर का रेलवे फाटक व शहर में सडक के दोनों और दुकानों के बाहर खडे ठेली, रेहडी वाहन आमजन के लिए कोढ में खाज का काम किए हुए हैं। अक्सर रेलवे फाटक व मुख्य सडक मार्ग पर रहने वाली यातायात जाम की स्थिति से अधिकारी जनप्रतिनिधि वाकिफ हैं लेकिन समाधान के लिए कोई आगे बढ़कर प्रयास नहीं करता है।

अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

फुलेरा, (निसं)। शनिवार को दिनभर सर्द हवाओं के तेज झोंकों का दौर लगातार जारी रहा साथ ही लोग शॉल, स्वेटर, जाकिट व कोट में लिपटे हुए नजर आए। वही दूसरी ओर क्षेत्र में मौसम के बदलाव व पारे के उतार चढाव से वायरल बुखार, खासी, जुकाम, अस्थमा के मरीजों की संख्या में करीब 15 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उपजिला चिकित्सालय के वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सा अधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र भामू से मिली जानकारी के अनुसार चिकित्सालय का आउटडोर जहां लगभग 800 से 850 रहता था। अब करीब 900 से 950 पहुंच गया है। इसके चलते उपजिला चिकित्सालय में मरीजों की लम्बी कतारें लग रही है।

फुलेरा के दिनेश कुमार वर्मा का सम्मान

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा के अध्यापक दिनेश कुमार वर्मा सहित 2 विद्यार्थियों का भीलवाडा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मान किया गया है। निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, भीलवाडा द्वारा मण्डल स्तरीय संस्कृत वाङ्मय पुरस्कार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा सरिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 12 की छात्रा संगीता गुर्जर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके चलते निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, भीलवाडा द्वारा उक्त दोनों छात्राओं तथा अध्यापक दिनेश कुमार वर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

सहायक आचार्यों की समय अवधि बढ़ाने की मांग

बगड़ी-मंडावरी कॉलेज के सहायक आचार्यों ने विधायक रामविलास मीणा को ज्ञापन सौंपा।

लालसोट, (निसं)। बगडी एवं मंडावरी कन्या महाविद्यालय में विद्या संबल योजना के तहत शिक्षण कार्य व्यवस्थार्थ लगाए हुए सहायक आचार्य को हटाने के बाद कॉलेज में अध्यनरत छात्राओं पर पढाई संबंधी व्यवस्थाओं में व्यवधान पहुंचने को लेकर सहायक आचार्य द्वारा स्थानीय विधायक रामविलास मीणा से मुलाकात कर उनकी समयावधि बढाने की मांग को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा गया।

सहायक आचार्य के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा विधायक मीना से मुलाकात कर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि मौजूदा समय में कॉलेज छात्राओं के सेमेस्टर आयोजित हो रहे है। अगर सहायक आचार्य कॉलेज से हट जाएंगे तो कॉलेज छात्राओं क सेमेस्टर के साथ पढाई पर भी संकट खडा हो जाएगा। ऐसे में कॉलेज में अध्ययन कर रही बालिकाओं के भविष्य पर कुठाराघात होगा जिसकी पूर्ति नहीं हो पाएगी साथ ही नोडल प्राचार्य द्वारा उस समय जब कॉलेज छात्राओं के सेमेस्टर चल रहें हो शैक्षिणक व्यवस्था करना मुश्किल भरा रहेगा। सहायक आचार्य की प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को बताया कि वे अल्प वेतन में कालांश आधारित रोजगार पर कार्य कर रहे हैं लेकिन अब उनको हटाने के आदेश के बाद बेरोजगारी का भी मानसिक अवसाद झेलना पडेगा।

उनको केवल पूरे साल में 4 से 5 माह का ही कालांश आधारित वेतन मिल पाता है साथ ही सहायक आचार्य के हटने के बाद कॉलेज में अध्यनरत छात्राओं के सामने पढाई का संकट भी खडा हो गया है। ज्ञापन प्राप्त होने के बाद विधायक मीणा ने सहायक आचार्य को आस्वस्थ करते हुए कहा कि वह उच्च शिक्षा मंत्री से वार्ता कर उनकी मांगों की ओर ध्यान आकर्षण करवाएंगे। दूसरी और विद्या संबल योजना में लगे सहायक आचार्य को कॉलेज आयुक्त तले द्वारा एक आदेश जारी कर हटाने के बाद अब छात्राएं भी काफी व्यथित नजर आ रही है एवं उनके अभिभावक भी काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं। ज्ञापन देने के दौरान सहायक आचार्य रघुवीर सिंह चारण, रतन सिंह चारण, राजेंद्र परेवा, ललित बैरवा, पवन नैनावत आदि मौजूद रहे।

पल्लेदारों द्वारा व्यापारी से मारपीट मामले पर मंडी बंद रही

- आरोपियों पर कार्यवाही करने व मण्डी से बर्खाश्त करने की मांग

कृषि उपज मंडी बंद होने से सन्नाटा छाया रहा।

निवाई, (निसं)। कृषि उपज मंडी में पल्लेदारों द्वारा व्यापारी के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर शनिवर को दूसरे दिन भी मंडी व्यापार बंद रहा।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह मंडी प्रशासन द्वारा कृषि मण्डी के मुख्य दरवाजे पर लगे हुए मजदूर यूनियन के झण्डे को हटवाकर राष्ट्रीय ध्वज लगा दिया था। इससे नाराज पल्लेदार मंडी के मुख्य गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और अनिश्चित काल के लिए काम बंद कर दिया। पल्लेदारों ने कृषि मण्डी सचिव को ज्ञापन सौंपकर यूनियन का झण्डा वापस लगाने की मांग की।

इधर कृषि मंडी में पल्लेदारों की हडताल के बाद मंडी में आई हुई सरसों को अपने पल्लेदारों से कट्टे भरवा रहे व्यापारी का पल्लेदारों ने विरोध किया तो पल्लेदारों ने व्यापारी के साथ मारपीट कर दी। इस पर व्यापारियों में भी रोष व्याप्त हो गया और व्यापारी से मारपीट करने वाले पल्लेदारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अनिश्चित काल के लिए मंडी व्यापार बंद कर दिया।

इस घटना को लेकर शनिवार को भी मण्डी व्यापार बंद रहा। मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया व संरक्षक ताराचन्द बोहरा ने बताया कि सभी आरोपी पल्लेदारों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए व आरोपितों को मण्डी से बर्खाश्त किया जाए। उक्त मांगों को लेकर मण्डी व्यापार दूसरे दिन भी बंद रहा। जिससे कृषि उपज मण्डी में सन्नाटा छाया रहा।